बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

एकलव्य भवन, डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

गार्गी पुरस्कार (कक्षा–10 हेतु) सत्र 2019–20 में आवेदन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित सैकण्डरी, प्रवेशिका व मॉडल स्कूल परीक्षा 2019 में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाएं गार्गी पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेगी।
2. पुरस्कार हेतु छात्रा का कक्षा 11 में नियमित अध्ययनरत रहने पर ही पुरस्कार देय होगा।
3. वर्तमान में छात्रा जिस विद्यालय में कक्षा–11 में नियमित अध्ययनरत है उसे उस संस्था प्रधान का नियमित अध्ययन प्रमाण पत्र स्कैन करके अपलोड़ करना होगा।
4. पुरस्कार राशि बालिकाओं के बैंक खातों में स्थानान्तरित की जावेगी। इस हेतु बैंक पास बुक की फोटो प्रति स्कैन कर अपलोड़ करनी होगी।
5. आवेदन पत्र में बालिका के स्वंय के बैंक खाते का विवरण देना होगा।
6. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी सूची में यदि बालिका का नाम नही है तथा उसके प्राप्तांक 75 प्रतिशत या इससे अधिक है तो ऐसी बालिकाएं भी पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकेगी। इस हेतु अंकतालिका स्कैन करके अपलोड़ करनी होगी।
7. आवेदन पत्र में ब्लॉक/पंचायत समिति का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
8. आवेदन पत्र के संबंध में यदि कोई समस्या हो तो संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) कार्यालय में सम्पर्क करें।
9. पुरस्कार राशि 3000/–रूपये देय होगी।
10. इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु email Address: rajbalikasf@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(शंकर लाल जांगिड़)
उपसचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

(रामचन्द्र सिंह बगड़िया)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

एकलव्य भवन, डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार (कक्षा–12 हेतु) सत्र 2019–20 में आवेदन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

1. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित सी.सैकण्डरी, वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2019 में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाएं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेगी।
2. पुरस्कार राशि बालिकाओं के बैंक खातों में स्थानान्तरित की जावेगी। इस हेतु बैंक पास बुक की फोटो प्रति स्कैन कर अपलोड़ करनी होगी।
3. आवेदन पत्र में बालिका के स्वंय के बैंक खाते का विवरण देना होगा।
4. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी सूची में यदि बालिका का नाम नही है तथा उसके प्राप्तांक 75 प्रतिशत या इससे अधिक है तो ऐसी बालिकाएं भी पुरस्कार हेतु आवेदन कर सकेगी। इस हेतु अंकतालिका की फोटो प्रति स्कैन कर अपलोड़ करनी होगी।
5. आवेदन पत्र में ब्लॉक/पंचायत समिति का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।
6. आवेदन पत्र के संबंध में यदि कोई समस्या हो तो संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (CBEO) कार्यालय में सम्पर्क करें।
7. पुरस्कार राशि 5000/–रूपये देय होगी।
8. इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु email Address:- rajbalikasf@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(शंकर लाल जांगिड़)
उपसचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

(रामचन्द्र सिंह बगड़िया)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर